संदेहास्पद | दंपत्ति की रहस्यमी परिस्थितियों में मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

# मैंने पत्नी का खून किया है ...नोट लिख पति ने भी किया सुसाइड



**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत न्यू कंचनपुर में एक किराए के मकान में 36 वर्षीय महिला का डीकंपोज शव शुक्रवार को बरामद हुआ था मृतिका के गले में दुपट्टा बंधा था, जिसका दूसरा सिरा पंखे से लटका मिला। घटना के बाद से ही महिला का पति घर से गायब था । शनिवार को शोभापुर के पास खण्डहर क्वाटर में मृतिका के पति का शव भी फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें उसने लिखा है कि मैंने पत्नी का खून किया है। सुसाइड नोट में उसने पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद, साली, मौसी पर पत्नी को भड़काने का भी जिक्र किया है। मामले में अधारताल के साथ रांझी पुलिस भी छानबीन में जुट गई है। हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल पर तफ्तीश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक मूलत: कालीमठ निवासी नेहा सिंह के पहले पति की मौत हो चुकी है। पहले पति से 8 वर्ष का लडका है । नेहा सिंह ने दूसरी शादी 7 दिसम्बर 2023 को विजयराघवगढ के मयंक सिंह के साथ की थी । विगत दो वर्ष से वे अपने परिवार सहित जबलपुर में न्यू कंचनपुर में ही रह रही है। पिछले एक वर्ष से नेहा इंदौर में रहकर काम करने लगी थी मयंक अपने बेटे के साथ रह रहा था। 28 मई 26 को नेहा इंदौर से वापस आयी थी। 5 जून की शाम नेहा के मकान मालिक ने नेहा की बहन नीलू कपूर 35 वर्ष निवासी कालीमठ मदनमहल को फोन कर बताया कि नेहा के कमरे का 2 दिन से दरवाजा नहीं खुला है। नीलू के साथ पुलिस भी पहुंच गई । दरवाजा खोलकर देखा तो नेहा का शव पलंग के बाजू से पडा था नेहा के गले में फांसी का फंदा था, नेहा की मौत हो चुकी थी। मयंक घर पर नहीं हैं, कहां गये जानकारी नहीं मिल रही थी। वही रांझी थाना अंतर्गत व्हीकल स्टेट सैक्टर 2 ग्राउंड के सामने खण्डर क्वाटर में शनिवार सुबह मयंक 40 वर्ष बिजली के वायर से फांसी के फंदे पर लटका मिला।

### स्पा सेंटर को लेकर होता था विवाद

मयंक सिंह घर के पीछे ही स्थित एक चॉकलेट फैक्ट्री में काम करता था, जबकि नेहा इंदौर में एक स्पा सेंटर में काम करती थी । जिसको लेकर दोनों के बीच में विवाद हुआ करता था। मयंक नहीं चाहता था कि पत्नी स्पा सेंटर में काम करें। जबकि नेहा पति की बात नहीं मानती थी वे इंदौर स्थित स्पा सेंटर में काम करती थी और कभी कभी जबलपुर आया करती थी। पत्नी के बाद पति की फांसी लगाने से मौत और सुसाइड नोट में खून का जिक्र होने के बाद मामला उलझ गया है। फिलहाल पुलिस हत्या, आत्महत्या एंगल पर तफ्तीश कर रही है।

### चाकू मारने दौड़ा, पत्नी बोली मैं खुद मर जाती हूं

सीएसपी राजेश्वरी कौरव ने बताया कि स्पा सेंटर को लेकर दोनों के बीच में विवाद हुआ करता था। दो दिन पूर्व मयंक शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा ।पत्नी से जॉब छोड़ने की बात पर अड़ गया इसके बाद दोनों के बीच में विवाद हुआ इस दौरान मयंक नेहा को चाकू मारने को हुआ तो नेहा ने कहा कि तुम मुझे क्या मारोंगे मैं खुद ही मर जाती हूं। इसके बाद उसने स्वयं फांसी लगा ली। इस दौरान नेहा का आठ साल का बेटा भी मौजूद था। शुक्रवार की शाम मयंक घर से निकला और इसके बाद राँझी पहुंचा जहां उसने फांसी लगा ली। अधारताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने शॉर्ट पीएम में महिला की फांसी लगाने से ही मौत की पुष्टि हुई है। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मृतिका के पति ने फांसी लगाई है । सुसाइड नोट मिला है जांच चल रही है ।

# मंदिर के आसपास फैली गंदगी, श्रद्धालु परेशान



**जबलपुर, नवभारत।** रसल चौक स्थित शहर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के सामने लगे गंदगी और कचरे के ढेर से श्रद्धालु परेशान हो चुके है। यहाँ पड़े कचरे और गंदगी के चलते मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं खासतौर पर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब आलम यह है कि हालात राहगीरो का सड़क से निकलना मुश्किल हो गया है। रसल चौक और आसपास के इलाकों में रहने वाले पीयूष, अनुज, अंकित और श्याम सिंह के साथ साथ मंदिर के पुजारी ने बताया कि मंदिर के बाहर लंबे समय से कचरा फैला हुआ है। गर्मी के मौसम में कचरे से आने वाली दुर्गंध से पूरा वातावरण प्रदूषित हो रहा है। लोगो ने बताया की यहाँ की नालियों में प्लास्टिक और हानिकारक कचरा भर गया है जिससे पानी निकासी नहीं हो पा रही है। इतना ही नहीं कचरे के कारण लोगों को संक्रामक रोगों का खतरा पैदा हो गया है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी बेफिक्र नजर आ रहे हैं।

### व्यापारी फ़ेक रहे कचरा

रसल चौक एवं आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने बताया कि नगर निगम की कचरा गाडियां मंदिर के आसपास से कचरा नहीं उठा रही है इसके अलावा आसपास के व्यापारी भी यहां कचरा फेंक देते हैं, जिससे मंदिर तक आना मुश्किल हो गया है। बता दे कि नेपियर टाउन और आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जिससे नागरिकों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर निगम के अधिकारियों से नियमित साफ-सफाई कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ी वालो के विरुद्ध भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## रंगदारी नहीं देने पर किशोर पर हमला

**जबलपुर ।** घमापुर थाना अंतर्गतकांचघर में रंगदारी न देने पर बदमाशों ने किशोर पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक अभिनव हनी ठाकुर 16 वर्ष निवासी कांचघर ने रिपोट दर्ज करायी कि बीती रात 11-30 बजे चुंगी चौकी से अपने दोस्त मनीष रजक, कृष कोरी के साथ घर जा रहा था कांचघर टप डेली नीड्स के पास पहुंचा जहॉ समक्ष बेन एवं आयुष सेन एक अन्य के साथ मिले, 1 हजार रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर तीनों ने मारपीट की। आयुष सेन ने पीछे से पाईप से मारपीट कर चोट पहुंचा दी।

# चाकू बाजी के आरोपी को छुड़ाने पहुंची महिला ने खुद पर छिड़का पेट्रोल

मदनमहल थाने में हाई वोल्टेज ड्रामा



नवभारत, जबलपुर। मदनमहल थाना परिसर में शनिवार शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में स्वयं पर पेट्रोल छिड़क लिया हालांकि वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने महिला को समय रहते सुरक्षित बचा लिया और स्थिति को नियंत्रित किया। दरअसल मदनमहल पुलिस ने चाकूबाजी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया था जिसे छुड़ाने के लिए उसके परिचित की महिला थाने पहुंची थी जब उसे पता चला कि आरोपी को जेल भेज दिया है। तब उसने पुलिस की इस कार्रवाई पर विरोध दर्ज कराया और आत्महत्या का प्रयास किया ।

**क्या है मामला**

मदनमहल थाना प्रभारी धीरज राज के मुताबिक, नवम्बर 25 गढ़ा निवासी मोनू ठाकुर पर पुरानी रंजिश को लेकर क्षेत्र के ही लकी मरावी, प्रिंस और अमित ने चाकू से हमला किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। प्रकरण के दो आरोपी प्रिंस और अमित पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे, जबकि आरोपी लकी मरावी फरार चल रहा था।

**आरोपी की गिरफ्तारी के बाद हंगामा**

शनिवार को पुलिस ने फरार आरोपी लकी मरावी को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लकी के जेल जाते ही उसकी परिचित महिला जयंती मरावी रात करीब 7:40 बजे मदनमहल थाने पहुंची और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। महिला को जब पता चला कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है तो उसने हंगामा शुरू कर दिया।

### पुलिस कर्मियों ने सुरक्षित बचाया

महिला का आरोप था कि लकी मरावी चाकूबाजी में शामिल नहीं था और उसे गलत तरीके से फंसाया गया है। हंगामे के दौरान महिला ने उग्र होते हुए आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की। पेट्रोल छिड़क लिया। वहां तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और महिला को सुरक्षित बचा लिया। पुलिस ने इसके बाद महिला की काउंसलिंग की और उसे समझा-बुझाकर सुरक्षित घर रवाना किया। इस घटना के दौरान थाना परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

## मंत्री डॉ . कुंवर विजय शाह आज आएंगे

जबलपुर। प्रदेश के जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह का 7 जून को सुबह 7:25 बजे रेलमार्ग द्वारा जबलपुर आगमन होगा। मंत्री डॉ शाह सुबह 8:45 बजे सर्किट हाउस से मझौली के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 9 बजे मझौली में बड़ादेव सभागृह का लोकार्पण तथा बड़ादेव भगवान निरकार स्वरूप प्रतिमा की स्थापना कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। मंत्री डॉ. शाह मझौली से दोपहर 1 बजे कार द्वारा भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# सड़कों पर फैली रेत, गिट्टी और ईंट, बने राहगीरों के दुश्मन



**जबलपुर, नवभारत।** इन दिनों शहर की मुख्य सड़को पर जहां तहां निर्माण सामग्री फैली हुई है। बता दे कि बरसात के पहले नगर के ज्यादातर घरों में मरम्मत का कार्य जोर शोर से चल रहा है। जिसके चलते इन कार्यों में लगने वाली ईट, गिट्टी और रेत को बुलवा कर घरों के बाहर सड़को पर फैला दिया जा रहा है। जिस के चलते दोपहिया वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो रहे हैं तो वहीं जहां पर निकल रहे हैं वहां फिसल रहे हैं। नगर के तुलाराम चौक, नेपियर टाउन, राइट टाउन जैसे अन्य पॉश इलाकों में सड़को पर महीनों से रेत गिट्टी फैली हुई है। लेकिन निगम की ओर से कोई भी वैधानिक कार्यवाही नहीं की जा रही है। परिणाम स्वरुप किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना जरूर घट सकती है। सिर्फ निर्माण सामग्री ही नहीं नगर के मुख्य मार्गो पर इन दिनों अमृत जल योजना के अंतर्गत पेयजल लाइन डालने का काम भी चल रहा है। जिसके चलते कांचघर और ग्वारीघाट जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आए दिन लोग दोपहिया वाहनों से फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।


**रोज़ हो रहे है हादसे**

सबसे अधिक खराब हालत करमचंद चौराहा से तुलाराम चौक के बीच है। जहां अतिक्रमण के कारण सड़क पहले से ही काफी सकरी थी। अब निर्माण सामग्री पड़े होने से लोगों को आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। वही शाम के समय बाजार में उमड़ी भीड़ के बीच लोग आये दिन इसी निर्माण सामग्री की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इसके बाद भी निर्माण कंपनी के लोग उसे हटाने की जगह लापरवाही कर रहे हैं।

## केबल वायर, स्टार्टर ले गए चोर

**जबलपुर ।** मझोली स्थित खेत से चोर केबल वायर, स्टाटर चुराकर ले गए। पुलिस के मुताबिक देवकरण पटेल निवासी ग्राम मनगवॉ ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह किसानी करता है, उसकी लमान खेत में सिंचाई के लिये ट्यूबबैल में ड्रीपी से वायर खींचा था स्टाटर लगा था। सुबह 5 बजे खेत पहुंचा तो देखा कि उसकी 2700 फिट सिल्वर वायर, 15 फिट केबल एवं स्टाटर कीमती 40 हजार रूपये के गायब थे कोई अज्ञात चोर दरम्यिान रात में वायर, केबल एवं स्टाटर चुरा ले गया है।

## मौन साधना में लीन साध्वी हर्षानंद ने नर्मदा तट पर किया पूजन



**जबलपुर।** 11 दिन की मौन साधना में लीन हुईं साध्वी हर्षा रिछारिया उर्फ साध्वी हर्षानंद गिरि ने मां नर्मदा तट स्थित गौरीघाट पर पूजा-अर्चना किया और यहां मौन व्रत, एकांतवास की शुरुआत की है। इसके पहले उन्होंने कहा कि देश की जनता को महंगाई से राहत मिले और भारत हिंदू राष्ट्र बने, इसी कामना के साथ वे मौन साधना में लीन हुई । साध्वी हर्षानंद गिरि ने मौनव्रत के साथ ही अन्न त्याग के साथ जूते चप्पल का त्याग किया है । जानकारी के मुताबिक साध्वी हर्षा रिछारिया उर्फ साध्वी हर्षानंद गिरि 11 दिनों तक मौन व्रत में रहेंगी और 15 जून को गौरीघाट पर ही साधना पूर्ण होने के बाद लोगों से संवाद करेंगी इसके बाद 15 जून को 11 दिन पूर्ण होने पर शाम को साध्वी हर्षानंद गौरीघाट पहुंचेगी और आरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ ही साधना को विराम दिया जाएगा।

# रिश्वतखोर से सीबीआई बंद कमरे में कर रही पूछताछ

**नवभारत, जबलपुर ।** रिश्वतकांड में फंसे रेल्वे के उप मुख्य अभियंता नारायण सिंह बुंदेला को सीबीआई जबलपुर आठ जून तक रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। सुरक्षा जमा राशि की रिहाई, लंबित बिलों के भुगतान और पीवीसी बकाया के रूप में एक लाख रूपए रिश्वत लेने के मामले में आरोपित से सीबीआई बंद कमरे में पूछताछ में जुटी है। जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है । विदित हो कि अभिषेक प्यासी पिता राम कुमार प्यासी 43 वर्ष, निवासी लोधीपुरा, पथरिया जाट, सिरोंजा, जिला सागर ने गुरूवार को सीबीआई कार्यालय, जबलपुर में पुलिस अधीक्षक, सीबीआई, जबलपुर को एक लिखित शिकायत करते हुए बताया था किपश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल के उप मुख्य अभियंता द्वितीय नारायण सिंह बुंदेला ने लगभग 1 करोड़ रुपये के लंबित भुगतान सुरक्षा जमा राशि 67,84,820 रुपये, लंबित बिल 18,67,169.84 रुपये और पीवीसी से संबंधित कुछ बकाया की रिहाई के लिए 1,00,000 रुपये की रिश्वत की मांग की है। जिसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया था और नारायण सिंह बुंदेला को गुरूवार देर रात सागर में शिकायतकर्ता से 1,00,000 रुपये की रिश्वत लेते दबोचा था । आरोपी के गेस्ट हाउस के कमरे की तलाशी के दौरान, उसके घर से 62,000 रुपये की बेहिसाब नकदी और रियल स्टेट में निवेश से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए थे। शुक्रवार को उसे जबलपुर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। जिसके बाद रिश्वतखोर को 8 जून तक रिमांड में लिया है।

भंडाफोड़ | ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

# 6600 इंजेक्शन के साथ 6 नशे के सौदागर पकड़ाये



**नवभारत, जबलपुर।** क्राइम, बेलबाग, अधारताल पुलिस ने ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 6 नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है ।जिनके कब्जे से 15 लाख रूपए के 6600 नशीले इंजेक्शन समेत पांच मोबाइल घटना में प्रयुक्त ई रिक्शा जप्त किया गया।

अति. पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह ने कंट्रोल रूम में कार्रवाई का खुलासा करते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच, बेलबाग पुलिस ने रामलीला मैदान के पास एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 7302 में ड्राइवर सीट में बैठा दुर्गा पटेल 46 वर्ष निवासी समता कालोनी गोहलपुर को दबोचा । सर्चिंग के दौरान ई रिक्शा में रखे तीनों कार्टून एवं सफेद रंग की बोरी में कुल 3 हजार 200 नशीले इंजेक्शन रखे मिले। इसी प्रकार अधारताल पुलिस एवं क्राइम ब्रांच ने मिल्क स्कीम मैदान के पीछे घेराबंदी कर गीतांशु साहू पिता संतोष साहू 25 वर्ष निवासी बजरंग बाड़ा अधारताल को दबोचा । बोरियों को चैक करने पर कुल 3400 नशीले इंजेक्शन रखे मिले । पूछताछ करने पर कल्लू दद्दा निवासी भानतलैया द्वारा उक्त इंजेक्शन बेचने के लिये रखवाना बताया। पुलिस कल्लू की तलाश कर रही है । पत्रकारवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल सुश्री राजेश्वरी कौरव, कंट्रोल रूम प्रभारी सतीष झारिया उपस्थित रहे ।

### अमजद के कहने पर आरिफ से उठाई खेप

बेलबाग थाना प्रभारी जीतेन्द्र पाटकर ने बताया कि पूछताछ करने पर दुर्गा पटेल ने राज उगले । पूछताछ में उसने बताया कि गाजी नगर गोहलपुर निवासी अमजद खान निवासी के कहने पर मोह. आरिफ निवासी ठक्कर ग्राम पचकुईया हनुमानताल के यहां जाकर नशीले इंजेक्शन लेकर सौरभ सोनकर निवासी आकांक्षा अस्पताल के पास बेलबाग को रामलीला मैदान के पास ले जाकर देने पहुंचा था । पूछताछ में दुर्गा ने बताया कि उसने पैसे की लालच में इंजेक्शन ई रिक्शा में लोकर सौरभ को देने आया था । वह अमजद खान के कहने पर काम करता है जिसके एवज में अमजद खान उसे पैसे देता है।

### दो हजार रूपए में इधर से उधर होता था नशा

उप पुलिस अधीक्षक अपराध उदयभान बागरी ने बताया कि आरोपी दुर्गा पटेल की निशादेही पर भानतलैया बढई मोहल्ला रोड में दबिश देते हुये आरोपी मोह. आरिफ पिता निसार अहमद अंसारी 32 वर्ष एवं अमजद खान पिता गफ्फार खान 48 वर्ष निवासी गाजी नगर को पुलिस ने दबोचा। पूछताछ करने पर आरोपी अमजद खान ने नशीले इन्जेक्शन सैय्यद असरफअली उर्फजीजा निवासी नया मोहल्ला के कहने पर मंगवाकर सभी इन्जेक्शन आरिफ के घर में रखवाना बताया और सैय्यद असरफ अली उर्फजीजा के कहने पर ही नशीले इन्जेक्शन दुर्गा पटेल के माध्यम से देना बताया जिसके बदले सैय्यद असरफ अली उर्फजीजा 2000 रुपये दिहाडी देना बताया। सैय्यद असरफअली 39 वर्ष को भी पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर सौरभ नामदेव निवासी मदनमहल के साथ मिलकर नशीले इन्जेक्शन मंगवाना एवं नशीले इन्जेक्शन अमजद खान के माध्यम से विक्रय करवाना जिसके ऐवज में अमजद खान को पैसे देना बताया। सौरभ नामदेव को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर मुख्य सप्लायर की जानकारी दी है। जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है । सौरभ सोनकर समेत सप्लायर की तलाश जारी है।











